HINDUSTAN PAGE 8

# पीजी प्रवेश परीक्षा के नतीजे जारी

**लखनऊ।** एलयू के सत्र 2021-22 की पीजीईटी-2021 प्रवेश परीक्षा के अंतर्गत कुछ विषयों के नतीजे रविवार को जारी किए गए हैं। मेरिट में चयनित किए गए अभ्यर्थियों की सूची वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के एडमिशन पेज के पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम में अपलोड कर दी गई है। जिन विषयों के नतीजे घोषित हुए हैं उनमें आचार्य, अरब कल्चर, अरेबिक, कम्पोजिट हिस्ट्री, फ्रेंच, लिंग्विस्टिक, संस्कृत, पर्शियन, उर्दू शामिल हैं। अभ्यर्थी वेबसाइट पर मेरिट देख सकते हैं। इन सभी को सात अक्टूबर तक सम्बन्धित विभाग में जाकर काउंसलिंग और वेरिफिकेशन कराना होगा।

# पांच छात्रों को मिला प्लेसमेंट

**लखनऊ।** एलयू के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गई थी। इसके नतीजे रविवार को आए, जिनमें पांच छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट मिला है। मैथरिथेम्स सॉफ्टवेयर कम्पनी में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्र अर्जुन का प्लेसमेंट फ्रंटेंड डेवलपर के पद पर सात लाख के पैकेज पर हुआ है। इसके अलावा सीनोरीक आरएंडडी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में छात्र सुयश, प्रियंका और अर्जुन दूबे व आर्यन पाल का साढ़े चार लाख रुपए प्रतिवर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ है।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# लविवि : पीजी के 9 विषयों की चयनित सूची जारी

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक के साथ-साथ परास्नातक कोर्सों की प्रवेश प्रक्रिया भी गति पकड़ने लगी है। रविवार को पीजी के आचार्य, अरब कल्चर, अरेबिक, कंपोजिट हिस्ट्री, फ्रेंच, लिंग्विशटिकस, संस्कृत, परशियन व उर्दू विषयों के प्रवेश के लिए चयनित विद्यार्थियों की सूची जारी कर दी है, जिसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर देखा जा सकता है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को 7 अक्तूबर को अपने विभाग में जाकर काउंसिलिंग व वेरिफिकेशन कराना होगा। वहीं, पूर्व में जारी एमए फिलॉशिफी, एमए-एमएससी इन योगा, एमए एआईएच एंड आर्कियोलॉजी, एमए क्रिमनोलॉजी एंड क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन, एमए डिफेंस स्टडीज, एमए इन ज्योतिर्विज्ञान विषयों की चयनित सूची के अभ्यर्थियों को भी 7 अक्तूबर को अपने विभाग में जाकर काउंसिलिंग व प्रमाणपत्रों का सत्यापन कराने को कहा गया है। अभ्यर्थियों को एसएमएस से भी इसकी सूचना दी गई है।



**अभ्यर्थियों को 7 तक करानी होगी विभागों में काउंसिलिंग**

### यूजी अभ्यर्थियों को क्लास आवंटन 6 तक

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्नातक के बीबीए, बीसीए, एलएलबी फाइव ईयर, बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स, बीवीए-बीएफए की पहली काउंसिलिंग में सीट अलॉट अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि वे जिनकी फीस जमा हो चुकी है वे अपने विभाग व डीन कार्यालय में 6 अक्तूबर तक संपर्क कर क्लास आवंटन करवा लें। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय द्वारा जारी सीट अलॉटमेंट लेटर, फीस रसीद व इंटर की मूल अंकतालिका व फोटो कॉपी लेकर उपस्थित हों। इसके बाद विद्यार्थियों की क्लास शुरू होगी।

### 102 अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों का हुआ सत्यापन

स्नातक प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले व कोटे के प्रमाण पत्रों का फिजिकल वेरीफिकेशन न कराने वाले अभ्यर्थियों को लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक और मौका दिया था। इस क्रम में रविवार को ईडब्ल्यूएस, डिफेंस पर्सन, फिजिकली हैंडीकैप कोटे के 102 अभ्यर्थियों ने अपने प्रमाणपत्रों का फिजिकल वेरीफिकेशन विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर कराया, जिसमें 7 अभ्यर्थी बीबीए, 13 बीकॉम व बीकॉम ऑनर्स कुल 20 प्रमाणपत्र सही नहीं पाए गए। जिन अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्र सही पाए गए उनको 4 अक्तूबर को सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक फीस जमा करने का अवसर दिया गया है।

### पीएचडी के दो विषयों की चयनित सूची जारी

पीएचडी के साथ ही लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने रविवार को पीएचडी के दो विषयों फ्रेंच व वेस्टर्न हिस्ट्री की लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी है, जिसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एडमीशन पेज में जाकर देखा जा सकता है। चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया गया है कि वे 5 अक्तूबर को अपनी लॉगिन आईडी के माध्यम से अपनी फीस ऑनलाइन अवश्य जमा कर दें ताकि प्रवेश की आगे की प्रक्रिया पूरी की जा सके।

# लविवि : कैंपस प्लेसमेंट में 5 छात्रों का हुआ चयन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा पिछले दिनों कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया था, जिसमें 5 छात्रों का चयन हुआ है। कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्र अर्जुन का प्लेसमेंट फ्रंटेंड डवलपर के पद पर मैथरिथेम्स सॉफ्टवेयर कंपनी में 7 लाख रुपये के सालाना पैकेज में हुआ है। वहीं, सीएस के ही तीन छात्रों सुयश सक्सेना, प्रियंका ठाकुर और अर्जुन दूबे का चयन सीनोरीक आरएंडडी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में हुआ है। इनको 4.5 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज मिलेगा। जबकि इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्र आर्यन पाल का चयन सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर 4.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है। कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन डॉ. हिमांशु पांडेय द्वारा और संचालन डॉ. ईशा सिंह द्वारा किया गया।

JAGRAN CITY PAGE I

## पीजीईटी प्रवेश सूची जारी

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2021-22 की पीजीईटी प्रवेश की चयनित सूची जारी कर दी गई। अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर सूची देख सकते हैं, वहीं पीएचडी प्रवेश की लिखित परीक्षा की साक्षात्कार चयन सूची भी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। स्नातक पाद्यक्रमों की पहली काउंसिलिंग में फीस जमा करने वाले छह अक्टूबर तक कक्षाओं का आवंटन करा लें। (जासं)

AMRIT VICHAR PAGE 3

# लविवि ने जारी किए नौ विषयों के प्रवेश परीक्षा परिणाम

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2021-22 की पीजीईटी-2021 प्रवेश परीक्षा के अंतर्गत कुछ विषयों के नतीजे रविवार को जारी किए गए हैं। मेरिट में चयनित किए गए अभ्यर्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के एडमिशन पेज के पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम में अपलोड कर दी गई है। जिन विषयों के नतीजे घोषित हुए हैं उनमें आचार्य, अरब कल्चर, अरेबिक, कम्पोजिट हिस्ट्री, फ्रेंच, लिंग्विस्टिक, संस्कृत, पर्शियन, उर्दू शामिल हैं। अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर अपनी मेरिट देख सकते हैं। इन सभी को सात अक्टूबर तक सम्बन्धित विभाग में जाकर काउंसलिंग और वेरिफिकेशन कराना होगा। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा परिणाम वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है।

PIONEER PAGE 3

# एलयू पीजी प्रवेश परीक्षा के नतीजे जारी, काउंसिलिंग सात को

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय की तरफ से रविवार को सत्र 2021-22 की पीजी प्रवेश परीक्षा के अंतर्गत कुछ विषयों के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। मेरिट में चयनित किए गए अभ्यर्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज के पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम में अपलोड कर दी गई है।

विवि स्तर पर जिन विषयों के नतीजे घोषित हुए हैं उनमें आचार्य, अरब कल्चर, अरेबिक, कम्पोजिट हिस्ट्री, फ्रेंच, लिंग्विस्टिक, संस्कृत, पर्शियन, उर्दू शामिल हैं। अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर अपनी मेरिट देख सकते हैं। इन सभी को सात अक्टूबर तक सम्बन्धित विभाग में जाकर काउंसलिंग और वेरिफिकेशन कराना होगा। वहीं विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेंनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से बीती 26 और 30 सितम्बर को आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। इनमें पांच छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट मिला है। मैथरिथेम्स सॉफ्टवेयर कम्पनी में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्र अर्जुन का प्लेसमेंट फ्रंटेड डेवलपर के पद पर सात लाख रुपए प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है। इसके अलावा सीनोरीक आरएंडडी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के तीन छात्रों सुयश सक्सेना, प्रियंका ठाकुर और अर्जुन दूबे का व इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्र आर्यन पाल का सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर साढ़े चार लाख रुपए प्रतिवर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ है। वहीं विश्वविद्यालय की रेगुलर फुल टाइम पीएचडी प्रवेश के लिए आयोजित की गई लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर फ्रेंच और वेस्टर्न हिस्ट्री विषयों के चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

# वेस्टर्न हिस्ट्री व फ्रेंच के पीएचडी नतीजे घोषित



लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय की रेगुलर फुल टाइम पीएचडी प्रवेश के लिए आयोजित की गयी लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर वेस्टर्न हिस्ट्री तथा फ्रेंच विषयों के चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गयी है। संबंधित अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर पीएचडी प्रोग्राम में सूची देख सकते हैं। चयनित अभ्यर्थी पांच अक्टूबर तक अपनी लॉग इन आईडी का प्रयोग कर ऑनलाइन फीस जमा कर सकते हैं।

**लविवि के पांच विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट :** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल में गत 26 व 30 सितम्बर को कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया था, जिसमें पांच विद्यार्थियों को कैम्पस प्लेसमेंट मिला है। इसके तहत मैथरिथेम सॉफ्टवेयर कम्पनी में कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्र अर्जुन का प्लेसमेंट फ्रंटेड डेवलपर के पद पर हुआ है, जिसे सात लाख रुपए प्रतिवर्ष का पैकेज प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त सीनोरीक आर एंडी कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड में कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के तीन विद्यार्थियों सुयश सक्सेना, अर्जुन दुवे एवं प्रियंका ठाकुर का तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्र आर्यन पाल का सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग के पद पर साढ़े चार लाख रुपए प्रतिवर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ है। कैम्पस प्लेसमेंट का आयो डा. हिमांशू पांडे द्वारा किया गया, जिसका संचालन डा. रश्मि सिंह ने किया।

**पीजी प्रवेश परीक्षा के नौ विषयों के नतीजे जारी:** लखनऊ विश्वविद्यालय के सत्र 2021-22 की पीजीईटी-2021 प्रवेश परीक्षा के अन्तर्गत नौ विषयों के नतीजे रविवार को जारी कर दिए गए। मेरिट सूची विश्वविद्यालय की वेवसाइट के एडमीशन पेज के पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम में अपलोड कर दी गयी है, जिन विषयों के नतीजे जारी किए गए हैं उनमें आचार्य, अरेविक, कम्पोजिट हिस्ट्री, अरव कल्चर, फ्रेंच, लिंग्विस्टिक, संस्कृत, उर्दू व पर्शियन शामिल हैं। अभ्यर्थी लविवि की वेवसाइट पर मेरिट देख सकते हैं। इन सभी अभ्यर्थियों को सात अक्टूवर तक संबंधित विभाग में जाकर काउंसिलिंग तथा वेरीफिकेशन कराना होगा।

**स्नातक प्रवेश के 20 अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्र निकले फर्जी :** स्नातक प्रवेश के अंतर्गत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को प्रमाणपत्रों की जाँच के लिए बुलाया गया था। सभी पाठ्यक्रमों में कुल 102 अभ्यर्थी अपने प्रमाणपत्रों की जाँच कराने उपस्थित हुए, जिनमें 20 अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्र सही नहीं पाए गये। इसके अलावा लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक के पाठ्यक्रमों की प्रथम काउंसलिंग के अंतर्गत जिन अभ्यर्थियों की फीस जमा हो चुकी है, वह अभ्यर्थी सम्बन्धित विभाग/ अधिष्ठाता कार्यालय में जाकर कक्षाओं का आवंटन करा लें। अभ्यर्थी अपने साथ विश्वविद्यालय द्वारा जारी एलाटमेंट लेटर एवं फीस रसीद की प्रति एवं इंटरमीडिएट की अंकतालिका मूल के साथ फोटो प्रति लेकर जाएँ।